**प्रथम 10 मिनट में अभ्यर्थी अपनी प्रश्न-पुस्तिका के क्रमांक का मिलान ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के क्रमांक से अवश्य कर लें। यदि ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक व प्रश्न-पुस्तिका के क्रमांक भिन्न हैं या कोई पृष्ठ missing या misprint हो तो केन्द्र अधीक्षक से निवेदन करके प्रश्न-पुस्तिका बदल लें।**

Sub. Code No. – **1321**

**[ PGT – For Lecturer ]**

# SET – A

**Level – 3**

# Exam., 2023

# COMPUTER SCIENCE

प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक एवं ओ.एम.आर. क्रमांक
Question-Booklet Serial No. & O. M. R. Serial No.

| इस प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या<br>No. of Pages in this Question Booklet – 32 | प्रश्नों की संख्या<br>No. of Questions – 150 | समय<br>Time – 2.30 hours |
|---|---|---|

अनुक्रमांक (अंकों में) / Roll No. (In Figures) ..................

अनुक्रमांक (शब्दों में) / Roll No. (In Words) ..................

परीक्षा केन्द्र का नाम / Name of Examination Centre ..................

अभ्यर्थी का नाम / Name of Candidate ..................

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर / Signature of Candidate** ..................

**निरीक्षक के हस्ताक्षर / Signature of Invigilator** ..................

**अभ्यर्थी को 10 मिनट का समय प्रश्न-पुस्तिका पर छपे निर्देशों को पढ़ने तथा उत्तर पत्रक में अपने विवरण भरने के लिए दिया जाएगा। यदि प्रश्न-पुस्तिका व उत्तर पत्रक की क्रम संख्या गलत अंकित हों या कोई पृष्ठ missing या misprint हो तो तुरन्त केन्द्र अधीक्षक से निवेदन करके प्रश्न-पुस्तिका बदल लें। इसके पश्चात् कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। इन 10 मिनटों के अतिरिक्त, प्रश्नों के उत्तर अंकित करने के लिए पूरे 2.30 घंटे का समय दिया जाएगा। यदि किसी अभ्यर्थी को प्रश्न-पुस्तिका में दिए गए किसी भी प्रश्न में कोई त्रुटि होने का संदेह हो तो इसके लिए अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्ति के उपरान्त प्रतिवेदन देने के लिए अवसर दिया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित अवसर के दौरान इस सम्बन्ध में अपना प्रतिवेदन बोर्ड कार्यालय में दर्ज करवा सकते हैं। इस अवसर के बाद, इस सम्बन्ध में प्राप्त प्रतिवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।**

***यदि किसी प्रश्न में हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में भिन्नता है तो अंग्रेजी माध्यम का प्रश्न ठीक माना जाएगा।***

***If there is any variance between Hindi and English Version of any question then English Version would be considered correct.***

**अभ्यर्थियों के लिए निर्देश / Instructions for the Candidates :–**

1. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न-पुस्तिका पढ़ने को कहा जाए, तो उत्तर पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल काले बॉल प्वाइंट पैन से विवरण भरें। / The OMR Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to read the Question Booklet, take out the OMR Answer Sheet and fill in the particulars carefully with black ball point pen only.
2. परीक्षा की अवधि **2.30 घंटे** है एवं प्रश्न-पुस्तिका में 150 प्रश्न हैं। **कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।** / The test is of **2.30 hours** duration and consists of 150 questions. **There is no negative marking.**
3. अपने विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्रक पर निशान लगाने के लिए केवल **काले बॉल प्वाइंट पैन** का प्रयोग करें। अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका का उपयोग करने एवं उत्तर पत्रक को भरने में सावधानी बरतें। / Use **Black Ball Point Pen** only for writing particulars on this page/darkening responses in the Answer Sheet. The candidate should remain careful in handling the question paper and in darkening the responses on the answer sheet.
4. प्रथम 10 मिनट में, यह भी सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक और उत्तर पत्रक क्रमांक एक ही हैं। अगर यह भिन्न हों या प्रश्न-पुस्तिका में कोई पृष्ठ missing या misprint हो तो अभ्यर्थी दूसरी प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक लेने के लिए पर्यवेक्षक को तुरन्त अवगत करवाएँ। / Within first 10 minutes, also ensure that your Question Booklet Serial No. and Answer Sheet Serial No. are the same. In case of discrepancy or any page missing/misprint in test booklet, then the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Question Booklet and the Answer Sheet.

**5. लेवल-3 [ प्रवक्ता के लिए ]**

| | | |
|---|---|---|
| भाग-I | : बाल विकास व शिक्षा शास्त्र | [प्रश्न 1 से प्रश्न 30] |
| भाग-II | : भाषा :<br>(हिन्दी : 15 प्रश्न व अंग्रेजी : 15 प्रश्न) | [प्रश्न 31 से प्रश्न 60] |
| भाग-III | : सामान्य अध्ययन :<br>(मात्रात्मक योग्यता : 10 प्रश्न, तार्किक अभिक्षमता : 10 प्रश्न, सामान्य ज्ञान एवं अभिज्ञान : 10 प्रश्न) | [प्रश्न 61 से प्रश्न 90] |
| भाग-IV | : कम्प्यूटर साइंस | [प्रश्न 91 से प्रश्न 150] |

**5. Level–3 [ For Lecturer ]**

| | | |
|---|---|---|
| PART–I | : Child Development and Pedagogy | [Qn. 1 to Qn. 30] |
| PART–II | : Language :<br>(Hindi : 15 Qn. & English : 15 Qn.) | [Qn. 31 to Qn. 60] |
| PART–III | : General Studies :<br>(Quantitative Aptitude : 10 Qn, Reasoning Ability : 10 Qn, G. K. & Awareness : 10 Qn.) | [Qn. 61 to Qn. 90] |
| PART–IV | : Computer Science | [Qn. 91 to Qn. 150] |

[कृपया इस पुस्तिका के अन्त में दिए गए शेष निर्देशों को पढ़ें। / Please read other remaining instructions given on the last page of this booklet.]

रफ कार्य के लिए **[FOR ROUGH WORK]**

## भाग – I / PART – I

### बाल विकास व शिक्षाशास्त्र / CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।

**Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.

**1.** सामाजिक रूप से वंचित बच्चों के लिए किस प्रकार की शिक्षा उपयुक्त होगी ?

1) अनौपचारिक शिक्षा
2) विशिष्ट शिक्षा
3) समावेशी शिक्षा
4) धार्मिक शिक्षा

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन एरिक्सन के मनो-सामाजिक विकास सिद्धांत के अन्तर्गत किशोरावस्था के संबंध में ***सही*** है ?

1) अहं-पहचान एक धनात्मक मनो-सामाजिक पहलू है।
2) अहं-पहचान एक ऋणात्मक मनो-सामाजिक पहलू है।
3) अहं-पहचान एक तटस्थ मनो-सामाजिक पहलू है।
4) अहं-पहचान कोई मनो-सामाजिक पहलू ही नहीं है।

**3.** एक सर्जनशील बालक में निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता ***नहीं*** देखी जाती है ?

1) अपसारी चिंतन
2) अति जिज्ञासा
3) उच्च कल्पनाएँ
4) परम्परागत विचार

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता सामाजीकरण की प्रक्रिया पर सकारात्मक प्रभाव ***नहीं*** डालती है ?

1) सामाजिक रूप से स्वीकृत व्यवहार
2) स्वीकृत सामाजिक भूमिकाएँ निभाना
3) सामाजिक अभिवृत्ति का विकास
4) सामाजिक पूर्वाग्रहों का विकास

**1.** Which type of education would be appropriate for socially deprived children ?

1) Informal education
2) Special education
3) Inclusive education
4) Religious education

**2.** Which of the following statement is ***correct*** regarding adolescence, under Erikson's Psycho-social development theory ?

1) Ego-identity is a positive psycho-social aspect.
2) Ego-identity is a negative psycho-social aspect.
3) Ego-identity is a neutral psycho-social aspect.
4) Ego-identity is not just a psycho-social aspect.

**3.** Which of the following characteristic is ***not*** seen in a creative child ?

1) Divergent thinking
2) Extreme curiosity
3) High imaginations
4) Conventional thoughts

**4.** Which of the following characteristics does ***not*** have a positive effect on the process of socialization ?

1) Socially approved behaviour
2) Playing approved social roles
3) Development of social attitude
4) Development of social prejudices

**5.** वायगोट्स्की का 'समीपस्थ विकास क्षेत्र' संदर्भित करता है :
1) बच्चा स्वतंत्र रूप से क्या कर सकता है
2) बच्चा स्वतंत्र रूप से क्या नहीं कर सकता है
3) बच्चा किसी ज्ञानी व्यक्ति के निर्देशन में क्या कर सकता है
4) बच्चा किसी ज्ञानी व्यक्ति के निर्देशन में भी क्या नहीं कर सकता है

**6.** यदि कोई शिक्षार्थी अपेक्षित उपलब्धि हासिल ***नहीं*** कर पाता है, तो उसका कारण जानने के लिए किस प्रकार का परीक्षण किया जाता है ?
1) रचनात्मक 2) निदानात्मक
3) उपचारात्मक 4) योगात्मक

**7.** "समावेशन केवल दिव्यांग लोगों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका अर्थ किसी भी बच्चे का बहिष्कार न होना भी है।"
शिक्षा में समावेशन का यह अर्थ किसके द्वारा स्पष्ट किया गया है ?
1) एन० सी० एफ० 2005
2) एन० सी० ई० आर० टी०
3) यूनेस्को
4) यूनिसेफ

**8.** वृद्धि एवं विकास में किस प्रकार के परिवर्तन होते हैं ?
(a) शरीर के आकार में परिवर्तन
(b) शरीर के अनुपात में परिवर्तन
(c) पुराने लक्षणों का विलोपन
(d) नवीन विशेषताओं का अधिग्रहण
***सही*** कूट का चयन कीजिए :
***कूट :***
1) (a), (b) एवं (c)
2) (a), (b) एवं (d)
3) (a), (c) एवं (d)
4) (a), (b), (c) एवं (d)

**5.** Vygotsky's 'Zone of Proximal Development' refers to :
1) What the child can do independently
2) What the child can't do independently
3) What the child can do with guidance of knowledgeable person
4) What the child can't do even under guidance of knowledgeable person

**6.** If a learner does ***not*** achieved the expected performance, what type of testing is done to find out the reason ?
1) Formative 2) Diagnostic
3) Remedial 4) Summative

**7.** "Inclusion is not confined to the disabled but it also mean no exclusion of any child."
This meaning of inclusion in education has been clarified by :
1) NCF 2005
2) NCERT
3) UNESCO
4) UNICEF

**8.** Which type of changes occur in growth and development ?
(a) Change in body size
(b) Change in body proportion
(c) Disappearance of old features
(d) Acquisition of new features
Choose the ***correct*** code :
***Code :***
1) (a), (b) & (c)
2) (a), (b) & (d)
3) (a), (c) & (d)
4) (a), (b), (c) & (d)

9. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अभिप्रेरणा का अधिगम पर सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट ***नहीं*** करता ?

1) अभिप्रेरणा सीखने के व्यवहार को क्षीण करती है
2) अभिप्रेरणा सीखने के व्यवहार को निश्चित दिशा प्रदान करती है
3) अभिप्रेरणा सीखने के व्यवहार में सक्रियता लाती है
4) अभिप्रेरणा सीखने के व्यवहार को चयनात्मक बनाती है

10. कोह्लबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत के अन्तर्गत नैतिकता की अवस्थाओं को उनके स्तर से सुमेलित कीजिए :

| नैतिकता की अवस्था | नैतिकता का स्तर |
|---|---|
| (a) अच्छे अन्तर्वैयक्तिक संबंध | I |
| (b) व्यक्तिवाद एवं विनिमय | II |
| (c) सामाजिक अनुबंध एवं वैयक्तिक अधिकार | III |
| (d) सार्वभौमिक नियम | |

***सही*** कूट का चयन कीजिए :

***कूट :***

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| 1) | I | III | II | I |
| 2) | III | II | III | I |
| 3) | II | III | I | II |
| 4) | II | I | III | III |

11. जब अधिगमकर्ता किसी कार्य को बिना किसी इच्छा या उद्देश्य के अपने आप ही सीख जाता है, तो उसे कहते हैं :

1) अविराम सीखना
2) पूर्ण सीखना
3) अंश सीखना
4) प्रासंगिक सीखना

9. Which of the following statements does ***not*** explain the positive impact of motivation on learning ?

1) Motivation impairs learning behaviour
2) Motivation provide definite direction to learning behaviour
3) Motivation energizes learning behaviour
4) Motivation makes learning behaviour selective

10. Match the stages of morality with their level, under the Moral Development theory of Kohlberg :

| **Stages of Morality** | **Level of Morality** |
|---|---|
| (a) Good interpersonal relations | I |
| (b) Individualism and exchange | II |
| (c) Social contracts and individual rights | III |
| (d) Universal principles | |

Choose the ***correct*** code :

***Code :***

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| 1) | I | III | II | I |
| 2) | III | II | III | I |
| 3) | II | III | I | II |
| 4) | II | I | III | III |

11. When the learner learns a task automatically, without any desire or purpose, then it is called :

1) Massed learning
2) Whole learning
3) Part learning
4) Incidental learning

12. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन जैविक अभिप्रेरकों के संबंध में सही ***नहीं*** है ?

1) वे सार्वभौमिक होते हैं
2) वे जन्मजात होते हैं
3) वे जीवित रहने के लिए आवश्यक होते हैं
4) वे व्यक्ति की समस्थिति से संबंधित नहीं होते हैं

13. निम्नलिखित में से कौन-सी परीक्षाएँ सतत और व्यापक मूल्यांकन का आधार हैं ?

(a) लिखित
(b) मौखिक
(c) व्यावहारिक
(d) प्रायोगिक

***सही*** कूट का चयन कीजिए :

***कूट :***

1) (a), (b) एवं (d)
2) (a), (b) एवं (c)
3) (a), (c) एवं (d)
4) (a), (b), (c) एवं (d)

14. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन बुद्धि परीक्षणों के संदर्भ में सही ***नहीं*** है ?

1) एलेक्जेंडर का पास एलांग परीक्षण एक निष्पादन परीक्षण है।
2) शाब्दिक परीक्षण वैयक्तिक अथवा सामूहिक दोनों प्रकार के हो सकते हैं।
3) अशिक्षित व्यक्ति निष्पादन परीक्षण नहीं कर सकते।
4) अशाब्दिक परीक्षणों में बुद्धि का मापन चित्रों एवं आकृतियों द्वारा होता है।

12. Which of the following statement is ***not*** true regarding biological motives ?

1) They are universal
2) They are inborn
3) They are essential to survival
4) They are not related with homeostatis in the individual

13. Which of the following examinations are the basis of continuous and comprehensive evaluation ?

(a) Written
(b) Oral
(c) Behavioural
(d) Practical

Choose the ***correct*** code :

***Code :***

1) (a), (b) & (d)
2) (a), (b) & (c)
3) (a), (c) & (d)
4) (a), (b), (c) & (d)

14. Which of the following statement is ***not*** correct in reference to intelligence tests ?

1) Alexander's Pass along test is a performance test.
2) Verbal test can be either individual or group.
3) Illiterate people cannot do performance test.
4) In non-verbal tests intelligence is measured through pictures and figures.

**15.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गिलफोर्ड के त्रिआयामी बुद्धि सिद्धांत के अन्तर्गत बुद्धि के तत्त्व एवं उसके आयाम के संबंध में सही ***नहीं*** है ?

| | बुद्धि के तत्त्व | आयाम |
|---|---|---|
| 1) | इकाई | उत्पाद |
| 2) | संज्ञान | संक्रिया |
| 3) | मूल्यांकन | संक्रिया |
| 4) | संबंध | विषयवस्तु |

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सी बाल केन्द्रित अधिगम दृष्टिकोण की प्रमुख विशेषता ***नहीं*** है ?

1) सार्थक सीखने के अवसर
2) एकल शिक्षण मार्ग
3) सतत मूल्यांकन
4) सुलभ शिक्षण सेटिंग्स

**17.** बण्डूरा के अनुसार, प्रेक्षणात्मक सीखने की कौन-सी अन्तर्संबंधित प्रक्रियाएँ ***नहीं*** हैं ?

1) अवधानात्मक प्रक्रियाएँ
2) धारणात्मक प्रक्रियाएँ
3) प्रेरणात्मक प्रक्रियाएँ
4) संयोजनात्मक प्रक्रियाएँ

**18.** बण्डूरा के सामाजिक अधिगम सिद्धांत के अनुसार, जब कोई व्यक्ति दूसरों के व्यवहार को देखकर और दोहराकर वही व्यवहार सीख लेता है, तो इसे क्या कहते हैं ?

1) अनुकूलन
2) आत्म-प्रेक्षण
3) मॉडलिंग
4) सामर्थ्य प्रत्याशा

**15.** Which of the following pair is ***not*** correct regarding elements of intelligence and their dimension, under the Three Dimensional Intelligence theory of Guilford ?

| | **Elements of Intelligence** | **Dimension** |
|---|---|---|
| 1) | Unit | Product |
| 2) | Cognition | Operation |
| 3) | Evaluation | Operation |
| 4) | Relations | Content |

**16.** Which one of the following is ***not*** a key feature of child centred learning approach ?

1) Meaningful learning opportunities
2) Single learning pathway
3) Continuous assessment
4) Accessible learning settings

**17.** According to Bandura, which is ***not*** the interrelated processes of observational learning ?

1) Attentional Processes
2) Retentional Processes
3) Motivational Processes
4) Conjunctional Processes

**18.** According to Bandura's Social Learning theory, what is it called when a person learns the same behaviour by observing and repeating the behaviour of others ?

1) Adaptation
2) Self-observation
3) Modeling
4) Efficacy expectation

**19.** स्टर्नबर्ग के त्रितंत्र सिद्धांत के अन्तर्गत घटकीय बुद्धि में कौन-सा उप-घटक सम्मिलित ***नहीं*** है ?

1) मेटा घटक
2) प्रयोगात्मक घटक
3) निष्पादन घटक
4) ज्ञान संग्रहण (अर्जन) घटक

**20.** एक अधिगम निर्योग्यता जो अंकगणितीय कौशल के अधिग्रहण को प्रभावित करती है :

1) डिस्कैलकुलिया 2) डिस्ग्राफिया
3) डिस्लेक्सिया 4) डिस्मैग्निसिया

**21.** फ्रायड के मनोलैंगिक विकास सिद्धांत की पाँचों अवस्थाओं के ***सही*** क्रम का चयन कीजिए :

1) मुखावस्था → लिंग प्रधानावस्था → अव्यक्तावस्था → गुदावस्था → जननेन्द्रियावस्था
2) गुदावस्था → अव्यक्तावस्था → लिंग प्रधानावस्था → जननेन्द्रियावस्था → मुखावस्था
3) मुखावस्था → गुदावस्था → लिंग प्रधानावस्था → अव्यक्तावस्था → जननेन्द्रियावस्था
4) अव्यक्तावस्था → गुदावस्था → मुखावस्था → जननेन्द्रियावस्था → लिंग प्रधानावस्था

**22.** पैवलाव के शास्त्रीय अनुबंधन अधिगम सिद्धांत के अनुसार स्वाभाविक एवं अनुबंधित उद्दीपकों के प्रस्तुतीकरण का कौन-सा कालिक क्रम सीखने को सर्वाधिक प्रभावित करेगा ?

1) समकालिक 2) विलंबित
3) संकेत 4) पश्चगामी

**19.** Which sub-component is ***not*** included in componential intelligence under the Sternberg Triarchic Theory ?

1) Meta component
2) Experimental component
3) Performance component
4) Knowledge acquisition component

**20.** A learning disability that affects the acquisition of arithmetical skill is :

1) Dyscalculia 2) Dysgraphia
3) Dyslexia 4) Dysmagnisia

**21.** Choose the ***correct*** sequence of the five stages of Freud's Psycho-sexual development theory :

1) Oral stage → Phallic stage → Latency stage → Anal stage → Genital stage
2) Anal stage → Latency stage → Phallic stage → Genital stage → Oral stage
3) Oral stage → Anal stage → Phallic stage → Latency stage → Genital stage
4) Latency stage → Anal stage → Oral stage → Genital stage → Phallic stage

**22.** According to Pavlov's Classical Conditioning theory of learning, which temporal sequence presentation of natural and conditioned stimuli will most affect learning ?

1) Simultaneous 2) Delay
3) Trace 4) Backward

23. पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धांत की किस अवस्था में अमूर्त चिंतन तथा सामान्यीकरण की क्षमता विकसित हो जाती है ?
   1) संवेदी-गामक
   2) पूर्व-संक्रियात्मक
   3) मूर्त-संक्रियात्मक
   4) औपचारिक-संक्रियात्मक

24. प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शैक्षिक व्यवस्था ***नहीं*** की जानी चाहिए ?
   1) स्वतंत्र प्रोजेक्ट कार्य के अवसर
   2) त्वरण
   3) उपचारात्मक शिक्षण
   4) संवर्धन कार्यक्रम

25. निम्नलिखित में से कौन-सा समावेशी शिक्षा का एक सिद्धांत ***नहीं*** है ?
   1) पृथक्करण का सिद्धांत
   2) सहयोग का सिद्धांत
   3) विविधता का जश्न मनाने का सिद्धांत
   4) शिक्षा के अधिकार का सिद्धांत

26. निम्नलिखित में से कौन-सा तरीका वैयक्तिक भिन्नताओं के अनुसार शिक्षण का समर्थन ***नहीं*** करता ?
   1) विद्यार्थियों का बड़ा समूह
   2) वैयक्तिक अनुदेशन
   3) पाठ्यक्रम अनुकूलन
   4) विद्यार्थियों की क्षमताओं का ज्ञान

23. In which stage of Piaget's Cognitive Development theory does the ability of abstract thinking and generalization develop ?
   1) Sensory motor
   2) Pre-operational
   3) Concrete-operational
   4) Formal operational

24. Which of the following educational arrangements shouldn't be made for talented students ?
   1) Opportunities for independent project work
   2) Acceleration
   3) Remedial teaching
   4) Enrichment program

25. Which one of the following is ***not*** a principle of inclusive education ?
   1) Principle of segregation
   2) Principle of cooperation
   3) Principle of celebrating diversity
   4) Principle of right to education

26. Which of the following way does ***not*** support the teaching according to individual differences ?
   1) Large group of students
   2) Individualized instruction
   3) Curriculum adaptation
   4) Knowledge of student's abilities

**27.** विशिष्ट आवश्यकताओं वाले बच्चों की आवश्यकता को पूरा करने में शैक्षणिक संस्थानों की क्या भूमिका ***नहीं*** है ?

1) बिना भेदभाव के विद्यालय में प्रवेश देना
2) सुलभ बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करना
3) उनकी विशिष्ट आवश्यकता को पहचानना एवं मुख्यधारा से बाहर रखना
4) उन्हें आवश्यक सहायता सेवाएँ प्रदान करना

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन विकास के सन्दर्भ में सही ***नहीं*** है ?

1) विकास परिपक्वता एवं अधिगम का उत्पाद है।
2) प्रारंभिक विकास की तुलना में बाद का विकास अधिक गंभीर होता है।
3) विकास सिर से पैर की दिशा में आगे बढ़ता है।
4) विकास केन्द्रीय अक्ष से छोर की ओर बढ़ता है।

**29.** समावेशी शिक्षा का त्रिआयामी सिद्धांत किसके द्वारा प्रतिपादित किया गया ?

1) ग्रिफिथ, कूपर एवं रिंगलाबेन
2) गार्टर एवं लिप्स्की
3) कॉफमैन एवं हलाहन
4) लेवेंस्की, डेविस एवं हूपर

**30.** ''सामाजीकरण का अर्थ है सामाजिक संबंधों में परिपक्वता आना।'' सामाजीकरण की यह परिभाषा किसके द्वारा दी गई है ?

1) जॉन डीवी 2) गैरेट
3) सोरेन्सन 4) हरलॉक

**27.** Which is ***not*** a role of educational institutions in addressing the needs of children with special need ?

1) Admission to school without discrimination
2) Provide accessible infrastructural facilities
3) Identify their special needs and exclude them from mainstreaming
4) Provide necessary support services

**28.** Which of the following statement is ***not*** correct in context of development ?

1) Development is the product of maturation and learning.
2) Later development is more critical than early development.
3) Development proceeds from head to foot.
4) Development proceeds from central axis to extremities.

**29.** The three dimensional model of the inclusive education propounded by whom ?

1) Griffith, Cooper and Ringlaben
2) Gartuer and Lipsky
3) Kauffman and Hallahan
4) Levenski, Davis and Hooper

**30.** "Socialization means attaining of maturity in social relationships." This definition of socialization is given by whom ?

1) John Dewey 2) Garret
3) Sorenson 4) Hurlock

भाग – II / PART – II

भाषा (हिन्दी एवं अंग्रेजी) / LANGUAGES (HINDI & ENGLISH)

हिन्दी (HINDI)

**निर्देश** : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।

**31.** विशेषण के संबंध में कौन-सा सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

1) भारतीय - संज्ञा से निर्मित विशेषण
2) पवित्रतम - विशेषण की उत्तरावस्था
3) परिश्रमी - गुणवाचक विशेषण
4) आलस्य - विशेषण से निर्मित भाववाचक संज्ञा

**32.** किस विकल्प में शब्द-युग्म का सही अर्थ भेद ***नहीं*** है ?

1) बाज़ी - दाव, वाजी - घोड़ा
2) मेध - हवन, मेघ - बादल
3) माणिक्य - चर्बी, माणिक्या - मछली
4) मुक्ता - मोती, मुक्ति - मोक्ष

**33.** कौन-सा युग्म संगत ***नहीं*** है ?

1) भिक्षुक - तत्सम शब्द
2) मस्तक - तद्भव शब्द
3) खिचड़ी - देशज शब्द
4) अमानत - विदेशज शब्द

**34.** निम्नलिखित में से किस विकल्प का शब्द संधि-विच्छेद की दृष्टि से ***संगत*** है ?

1) कुशासन = कुश + असन
2) वार्तालाप = वार्ता + अलाप
3) जानकीश = जनक + ईश
4) लघूर्मि = लघु + ऊर्मि

**35.** किस विकल्प के समस्त पद में बहुव्रीहि समास का उदाहरण ***नहीं*** है ?

1) शेषशायी, क्षपानाथ
2) दीर्घश्वास, पाषाणहृदय
3) आशुतोष, मंदोदरी
4) पंचशर, पशुपति

**36.** किस विकल्प का शब्द 'अन्' उपसर्ग से निर्मित ***नहीं*** है ?

1) अनंतर
2) अनीति
3) अनिष्ट
4) अनाचार

**37.** निम्न में से किस विकल्प के शब्द विदेशज प्रत्ययों से निर्मित हैं ?

1) पल्लवित, नीलिमा
2) अड़ियल, कसावट
3) रिश्वतखोर, रोज़गार
4) झगड़ालू, हठीला

**38.** पर्यायवाची शब्दों के संबंध में कौन-सा विकल्प ***अनुचित*** है ?

1) चन्द्रमा - हिमकर, अमृतांशु, महताब
2) गरुड़ - खगनाथ, वृषभी, भद्रा
3) चन्दन - गोरोचन, मलयज, सर्पावास
4) गंगा - अमरतटिनी, अद्रिजा, सुरसरि

**39.** वार्तनिक दृष्टि से किस विकल्प के सभी शब्द ***शुद्ध*** हैं ?
1) अभ्यार्थी, त्यौहार
2) याज्ञवल्क्य, हस्तक्षेप
3) मैथली, अहिल्या
4) वैदेहि, वापिस

**40.** 'महात्मा गांधी ने भारत को आज़ाद कराया।' उक्त वाक्य में रेखांकित शब्द क्रमशः हैं :
1) व्यक्तिवाचक संज्ञा तथा जातिवाचक संज्ञा
2) जातिवाचक संज्ञा तथा भाववाचक संज्ञा
3) व्यक्तिवाचक संज्ञा तथा व्यक्तिवाचक संज्ञा
4) भाववाचक संज्ञा तथा व्यक्तिवाचक संज्ञा

**41.** निम्न में से किस मुहावरे का अर्थ संगत ***नहीं*** है ?
1) अपने पैरों पर खड़ा होना - आत्मनिर्भर होना।
2) अंधे के हाथ बटेर लगना - बिना प्रयास के कोई चीज़ प्राप्त कर लेना।
3) एक घाट पानी पीना - एकता और सहिष्णुता होना।
4) कमान से तीर निकल जाना - किसी का भेद खुलना।

**42.** क्रिया के संबंध में ***अनुचित*** विकल्प चुनिए :
1) कर्म के आधार पर क्रिया के 'सकर्मक' एवं 'अकर्मक' दो भेद माने जाते हैं।
2) सभी प्रेरणार्थक क्रियाएँ अकर्मक होती हैं।
3) 'पिता पुत्र से पत्र लिखवाता है।' उक्त वाक्य में प्रेरणार्थक क्रिया प्रयुक्त हुई है।
4) 'बतियाना', 'लठियाना' एवं 'अपनाना' नामधातु क्रिया के उदाहरण हैं।

**43.** सर्वनाम के संबंध में कौन-सा कथन ***असत्य*** है ?
1) प्रयोग के आधार पर सर्वनाम के छह भेद हैं।
2) 'कोई' तथा 'कुछ' अनिश्चयवाचक सर्वनाम शब्द हैं।
3) 'पुरुषवाचक' सर्वनाम के चार भेद माने जाते हैं।
4) जिस सर्वनाम से वक्ता के पास अथवा दूर की किसी वस्तु का बोध होता है, उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।

**44.** किस विकल्प में विपरीतार्थक युग्म ***असंगत*** है ?
1) नूतन - पुरातन
2) दुराशय - सदाशय
3) दनुज - दानव
4) जंगम - स्थावर

**45.** वाक्यांश के लिए एकल शब्द के संबंध में ***अनुचित*** युग्म है :
1) जो कानून की दृष्टि से उचित न हो - अवैध
2) जिसमें कोई छिद्र न हो - नीरन्ध्र
3) समुद्र में लगने वाली आग - दावानल
4) जो भोजन रोगी के लिए उचित है - पथ्य

## अंग्रेजी / ENGLISH

**Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.

**46.** Fill in the blank with the ***correct*** option :

Note it down .......... you should forget it.

1) that
2) because of
3) till
4) lest

**47.** Choose the ***correct*** option that gives the meaning of the given idiom :

Spill the beans

1) increase work
2) face a great loss
3) to leak a secret
4) segregate

**48.** Fill in the blank with the **correct** option :

The Pak army turned hostile ......... ISIS.

1) to
2) for
3) at
4) with

**49.** Choose the ***correct*** passive of the given sentence :

Please give me some more time.

1) Some more time might please be given to me.
2) Some more time may please be given to me.
3) Some more time could please be given to him.
4) Some more time should please be given to him.

**50.** Which of the following options express the ***correct*** meaning of the sentence given below ?

No sooner did I reach the college than the bell rang.

1) The sooner I reached the college the earlier the bell rings.
2) I reached the college and the bell was rang after.
3) Although I reached the college the bell began to ring.
4) As soon as I reached the college, the bell rang.

**51.** Change the narration :

He said, "What a charming sight !"

1) He exclaimed with joy that it was a very charming sight.
2) He exclaimed with joy that what a charming sight it is !
3) He told with joy that that is a charming sight.
4) He said to me what a charming sight it is !

**52.** Fill in the blank with the ***correct*** form of the verb :

I ............... a lot of calls today.

1) had have
2) has had
3) have had
4) had had

**53.** Which of the following sentences is the ***correct*** option to express a probable condition ?

1) If I were a bird, I would fly to you.
2) If you touch a live wire, you will get a shock.
3) If you will read this book, you will learn grammar.
4) If I had reached in time, I could have saved her.

**54.** Choose the part of the sentence that is grammatically ***incorrect*** :

He thought / he will be able to do /
A B
whatever he wanted / with his job.
C D

1) A 2) B
3) C 4) D

**55.** Choose the part of the sentence that is grammatically ***incorrect*** :

The Jews were / most reluctant /
A B
to contribute / in the Palestinian cause.
C D

1) A 2) B
3) C 4) D

**56.** The word 'slither' means :

1) lick 2) venomous
3) hinder 4) slide

**57.** Fill in the blank with the ***correct*** form of verb :

When I last ............ her, she was deeply involved in debt.

1) have met 2) met
3) has met 4) did met

**58.** Fill in the blank with the ***correct*** option :

How did the thief ...... the padlock.

1) open
2) opened
3) had opened
4) had been opening

**59.** Fill in the blank with the ***correct*** 'Modal Auxiliary' :

............ you mind lending me your pen ? (Request)

1) Should 2) Ought
3) Would 4) Must

**60.** Arrange the following jumbled options in the correct order and then choose the ***correct*** option :

(A) is heartening
(B) is going abroad
(C) the news
(D) that she

1) C, D, B, A
2) D, A, C, B
3) D, C, B, A
4) D, C, A, B

भाग – III / PART – III

सामान्य अध्ययन / GENERAL STUDIES

**मात्रात्मक योग्यता, तार्किक अभिक्षमता तथा सामान्य ज्ञान एवं अभिज्ञान / QUANTITATIVE APTITUDE, REASONING ABILITY AND G.K. & AWARENESS**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सबसे उचित** विकल्प चुनिए।

**Direction :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option.

**61.** यदि A अपने सिर के बल पर उत्तर दिशा की ओर अपना मुँह करके खड़ा है, तो उसके बायें हाथ की दिशा है :

1) उत्तर-पूर्व 2) पश्चिम
3) पूर्व 4) उत्तर-पश्चिम

**62.** एक नाव 20 किमी दूरी को धारा की दिशा में एक घण्टे में तथा उसी दूरी को धारा की विपरीत दिशा में 2 घण्टे में तय करती है, तो शान्त जल में नाव की चाल है :

1) 10 किमी/घण्टा
2) 12 किमी/घण्टा
3) 13 किमी/घण्टा
4) 15 किमी/घण्टा

**63.** 15 व्यक्तियों के समूह में 7 व्यक्ति हिन्दी एवं 8 व्यक्ति अंग्रेजी पढ़ते हैं जबकि 3 व्यक्ति इन दोनों में से किसी को भी नहीं पढ़ते हैं, तो इनमें से कितने व्यक्ति हिन्दी व अंग्रेजी दोनों को पढ़ते हैं ?

1) 0 2) 3
3) 4 4) 5

**64.** एक कक्षा में 35 विद्यार्थियों में, A का स्थान नीचे से 7वें पर एवं B का स्थान ऊपर से 9वें स्थान पर है तथा C का स्थान इन दोनों के ठीक मध्य में हो, तो C का स्थान A से कौन-सा है ?

1) 9वाँ 2) 10वाँ
3) 11वाँ 4) 12वाँ

**61.** If A stands on his head with his face towards North, in which direction will his left hand point ?

1) North-East 2) West
3) East 4) North-West

**62.** A boat goes 20 km downstream in one hour and the same distance upstream in two hours. The speed of the boat in still water is :

1) 10 km/h
2) 12 km/h
3) 13 km/h
4) 15 km/h

**63.** In a group of 15 people, 7 read Hindi, 8 read English, while 3 of them read none of these two. How many of them read Hindi and English both ?

1) 0 2) 3
3) 4 4) 5

**64.** In a class of 35 students, A is placed 7th from the bottom whereas B is placed 9th from the top and C is placed exactly between these two. What is A's position from C ?

1) 9th 2) 10th
3) 11th 4) 12th

**65.** एक निश्चित कूट भाषा में 'CEG' को 'TSR' तथा 'FHJ' को 'QPO' लिखा जाता है, तो इसी समान भाषा में 'IKM' को लिखा जायेगा :

1) NOP 2) NOL
3) NMK 4) NML

**66.** अक्षरों EAML से कितने सार्थक शब्द बनाये जा सकते हैं ?

1) 1 2) 2
3) 3 4) 4

**67.** एक नियमित बहुभुज में आन्तरिक कोण एवं बाह्य कोण का अनुपात 7 : 2 हो, तो इस बहुभुज की भुजाओं की संख्या है :

1) 7 2) 8
3) 9 4) 11

**68.** निम्नलिखित संख्या शृंखला का अगला पद ज्ञात कीजिए :

2, 3, 10, 15, 26, ?

1) 33 2) 34
3) 35 4) 36

**69.** नल A द्वारा एक टैंक को अकेले 8 घण्टे में, नल B द्वारा इसी टैंक को अकेले 6 घण्टे में भरा जा सकता है। यदि दोनों नलों को एक साथ 2 घण्टे के लिए खोलने के पश्चात् नल A को बन्द कर दिया जाए, तो नल B द्वारा बचा टैंक कब भर जाएगा ?

1) 2 घण्टे में 2) 2½ घण्टे में
3) 3 घण्टे में 4) 3½ घण्टे में

**70.** यदि किसी निश्चित पैटर्न में 38 * 15 = 32, 62 * 91 = 7 तथा 74 * 81 = 29 हो, तो उसी पैटर्न में 47 * 33 का मान है :

1) 40 2) 41
3) 38 4) 53

**65.** In a certain code language 'CEG' is written as 'TSR' and 'FHJ' is written as 'QPO', then in the same code language 'IKM' is written as :

1) NOP 2) NOL
3) NMK 4) NML

**66.** How many meaningful words can be formed with the letter EAML ?

1) 1 2) 2
3) 3 4) 4

**67.** The ratio of an interior angle to the exterior angle of a regular polygon is 7 : 2. The number of sides of the polygon is :

1) 7 2) 8
3) 9 4) 11

**68.** Find the next term of the following number series :

2, 3, 10, 15, 26, ?

1) 33 2) 34
3) 35 4) 36

**69.** Pipe A alone can fill a tank in 8 hours. Pipe B alone can fill it in 6 hours. If both the pipes are opened and after 2 hours pipe A is closed, then pipe B will fill the tank in :

1) 2 hours 2) 2½ hours
3) 3 hours 4) 3½ hours

**70.** In a certain pattern, if 38 * 15 = 32, 62 * 91 = 7 and 74 * 81 = 29, then in the same pattern the value of 47 * 33 is :

1) 40 2) 41
3) 38 4) 53

**71.** यदि 17 दिसम्बर, 2002 को शनिवार था, तो 22 दिसम्बर, 2004 को कौन-सा दिन था ?

1) रविवार 2) शनिवार
3) सोमवार 4) मंगलवार

**72.** श्रेणी का अगला पद है :

Z1A, X2D, V6G, T21J, ?

1) R87M 2) R87N
3) R88P 4) R88M

**73.** अंग्रेजी वर्णमाला में, दी गई श्रेणियों में क्रमागत अक्षरों के मध्य छोड़े गए अक्षरों की संख्या एक से कम होती जाती है, निम्नलिखित श्रेणियों में कौन-सी इस नियम का पालन करती है ?

1) DJOTV 2) DJOSV
3) DJOSW 4) DIOSU

**74.** $x$-अक्ष, $y$-अक्ष तथा $4x+3y=12$ द्वारा निर्मित त्रिभुज के बाह्यवृत्त की त्रिज्या है :

1) 2 इकाई 2) 2.5 इकाई
3) 3 इकाई 4) 4 इकाई

**75.** वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे 15463 में जोड़ने पर प्राप्त योगफल 107 से पूर्णतया विभाजित हो जाता है :

1) 52 2) 55
3) 71 4) 76

**76.** पानी को दूध में किस अनुपात में मिलाकर बेचा जाए कि प्राप्त मिश्रण को क्रय मूल्य पर बेचने पर 20% का लाभ हो ?

1) 1 : 5 2) 2 : 5
3) 3 : 5 4) 4 : 5

**71.** If it was Saturday on 17th December, 2002, what was the day on 22nd December, 2004 ?

1) Sunday 2) Saturday
3) Monday 4) Tuesday

**72.** The next of the series is :

Z1A, X2D, V6G, T21J, ?

1) R87M 2) R87N
3) R88P 4) R88M

**73.** In English alphabet, the number of letters skipped in between adjacent letters in the series is decreased by one. Which of the following series observes the rule ?

1) DJOTV 2) DJOSV
3) DJOSW 4) DIOSU

**74.** The radius of the circumcircle of the triangle made by $x$-axis, $y$-axis and $4x+3y=12$ is :

1) 2 unit 2) 2.5 unit
3) 3 unit 4) 4 unit

**75.** Find the least number which must be added to 15463 so that the resulting number is exactly divisible by 107 :

1) 52 2) 55
3) 71 4) 76

**76.** What proportion of water must be added to milk to gain 20% by selling it at the cost price ?

1) 1 : 5 2) 2 : 5
3) 3 : 5 4) 4 : 5

**77.** एक निश्चित राशि का 4% वार्षिक दर पर 2 वर्षों के लिए चक्रवृद्धि ब्याज एवं सरल ब्याज का अनुपात है :

1) 52 : 51  2) 52 : 50
3) 51 : 50  4) 53 : 50

**78.** यदि A, B तथा C ने $\frac{7}{2}:\frac{4}{3}:\frac{6}{5}$ के अनुपात में पूँजी लगाकर एक व्यापार प्रारम्भ किया। 4 माह पश्चात् A ने अपनी पूँजी का 50% बढ़ा दिया। यदि वर्ष के अन्त में कुल 21,600 रुपये का लाभ हुआ हो, तो इस लाभ में से B का हिस्सा है :

1) 2,400 रुपये  2) 3,600 रुपये
3) 4,000 रुपये  4) 4,200 रुपये

**79.** एक आदमी 20% हानि पर एक वस्तु को बेचता है, यदि उसी वस्तु को 12 रुपये अधिक में बेचता, तो उसे 10% का लाभ होता। उस वस्तु का क्रय मूल्य है :

1) 22 रुपये  2) 30 रुपये
3) 36 रुपये  4) 40 रुपये

**80.** $\frac{a^{1/2}+a^{-1/2}}{1-a}+\frac{1-a^{-1/2}}{1+\sqrt{a}}$ बराबर है :

